# राष्ट्रीय एकता के लिए नागरिक दौड़े

## सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन




**रायसेन, 31 अक्टूबर. लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस पर शुक्रवार को रायसेन में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिला पुलिस परेड ग्राउंड में हुए आयोजन में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने सभी उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई.**

कार्यक्रम की शुरुआत में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, एसपी पंकज पांडे, नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय और एएसपी कमलेश कुमार ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया. इसके बाद कलेक्टर ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने का संकल्प दिलाया.शपथ ग्रहण के उपरांत रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. दौड़ में अधिकारियों, कर्मचारियों, युवाओं और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. यह दौड़ नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए इसके पश्चात रन फॉर यूनिटी दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. इसमें अधिकारियों, कर्मचारियों, युवाओं तथा छात्र-छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई. रन फॉर यूनिटी दौड़ नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए खेल स्टेडियम में समाप्त हुई. इस अवसर पर अनेक विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, पुलिस जवान और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं.

### पुलिस परेड ग्राउंड में किया पौधरोपण

पुलिस परेड ग्राउंड में नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन, कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा तथा एसपी पंकज पांडे द्वारा पौधरोपण किया गया. साथ ही अन्य अधिकारियों ने पौधरोपण किया.

# सांची विधायक की मां को सीएम ने दी श्रद्धांजलि

## एम्स पहुंचकर डॉ यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने श्रद्धासुमन अर्पित किए



**बेगमगंज, 31 अक्टूबर. सांची क्षेत्र के विधायक एवं बेगमगंज तहसील के ग्राम बेरखेड़ी निवासी डॉ. प्रभुराम चौधरी की माताश्री सुमित्रा देवी चौधरी का लंबी बीमारी के चलते एम्स हॉस्पिटल भोपाल में गुरुवार को निधन हो गया था. जिन्हें एम्स हॉस्पिटल में ही शोक श्रद्धांजलि देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल पहुंच गए थे जिन्होंने उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ शोकाकुल विधायक चौधरी परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की.**

शुक्रवार को दोपहर में उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम बेरखेड़ी बरामद गढ़ी में सनातनी रीतिरिवाजों से उनके पुत्र डॉ. चौधरी के द्वारा मुखाग्नि देकर किया गया. उन्हें अंतिम विदाई देने वालों में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा , पुलिस अधीक्षक पंकज पांडेय , भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा , पूर्व मंत्री रामपाल सिंह , नारायण दास कबीरपंथी , जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत सिंह मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, नपाध्यक्ष संदीप लोधी, उपाध्यक्ष सुदर्शन घोषी, पूर्व अध्यक्ष शिखरचंद जैन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश लोधी , नगर मंडल अध्यक्ष अजय जाट , पार्षद अजय जैन , राजीव दुबे , घासीराम राज , रविराज , राजेंद्र सिंह तोमर , व्यापारी संघ अध्यक्ष संजय ओसवाल सहित भाजपा , कांग्रेस कमेटी के जनप्रतिनिधियों , नेताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों , समाजसेवी भारी संख्या में मौजूद रहे .



# विष्णु पुराण कथा में गिरिराज को लगाए छप्पन भोग

**उदयपुरा, 31 अक्टूबर. शुक्रवार को स्थानीय लक्ष्मी चौक स्थित शक्तिमाता मंदिर में महिला मंडल द्वारा कराये जा रहे विष्णु पुराण के पंचम दिवस की कथा में गिरिराज पूजन की कथा के साथ गिरिराज महाराज को छप्पन भोग लगाया गया.**

कथाव्यास पंडित कैलाश शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण की बाल हठ का वर्णन बडे ही रोचक ढंग से करते हुए बताया कि एक बार बचपन में श्रीकृष्ण जी अपनी मां यशोदा से चंद्रमा लाने की हठ करने लगे तब मां यशोदा ने थाली में पानी भरकर चंद्रमा की परछाई दिखाकर उनकी हठ को.शाांत किया कथाव्यास पंडित शास्त्री द्वारा पंचम दिवस की कथा में बताया कि भगवान कृष्ण ने बृजवासियों से इंद्र. की पूजन न करके गिरिराज पर्वत की पूजन कराई. इस पर इंद्र ने भीषण बरसात करके बृजवासियों को भयभीत करभ दिया बृजवासी घबराने लगे ऐसी विषम परिस्थिति में श्री कृष्ण ने अपनी कनिष्ठिका छिंगुली ऊंगली पर गिरराज पर्वत को उठाकर उसके नीचे सभी बृजवासियों को खडा करके उनकी रक्षा की है.

### एकता, अखंडता बनाए रखने दिलाई शपथ

**बैरसिया, 31 अक्टूबर.** लौह पुरुष और एकता के प्रतीक सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को बैरसिया थाना में सुबह रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ थाना प्रभारी वीरेंद्र सेन एवं वरिष्ठ समाज दीपक दुबे द्वारा लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को नमन कर एकता का संदेश देते हुए किया. जहा पुलिस कर्मियों, छात्र-छात्राओं, गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. थाना प्रभारी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने जिस तरह देश की एकता और अखंडता बनाए रखने में योगदान दिया, वह हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है. यह रन फॉर यूनिटी उनके आदर्शों को याद करने और समाज में एकता का संदेश देने का उचित माध्यम है. रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम थाना परिसर से प्रारंभ हो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए सांदीपनि सीएम राइज स्कूल में संपन्न हुआ.

**प्रतियोगिता** | डीडी महाविद्यालय के खेल मैदान में हुईं खेल स्पर्धाएं

# सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**बेगमगंज, 31 अक्टूबर. शा. डीडी महाविद्यालय के खेल मैदान पर सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव द्वारा किया गया. मैराथन दौड़ का शुभारंभ किए जाने के पूर्व एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों एवं प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए उद्बोधन देते हुए उनकी हौसलाअफजाई की.**

खेल महोत्सव को मात्र आयोजन नहीं बल्कि खेल प्रतिभाओं को खोजने का एक सशक्त माध्यम बताते हुए एसडीओपी श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री द्वारा युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए अच्छी शुरुआत करने की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि खेल जीवन शैली ओर संस्कार का माध्यम है, जो सामाजिक समरसता के साथ स्वस्थ शरीर के लिए जरूरी है. खेल प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंर्तराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का काम खेल विभाग करेगा. मैराथन दौड़ में खिलाड़ियों के साथ खेल समन्वयक शुभाष रैकवार , थानाप्रभारी राजीव उइके , रेंजर अरविंद अहिरवार एवं वनकर्मियों , स्कूली स्टूडेंट्स , महाविद्यालीन स्टॉफ , नगर रक्षा समिति सदस्यों सहित बड़ी संख्या में नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल से आए खेल प्रेमियों ने भाग लिया.

